POLICE COMMISSIONERATE

PRAYAGRAJ

सराहनीय कार्य / प्रेस विज्ञप्ति- दिनांक 05.11.2026

परिजनों से नाराज होकर मथुरा गए गुमशुदा ग्राम प्रधान/प्रशासक थाना थरवई व सर्विलांस सेल गंगानगर की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सकुशल बरामद

घटना का संक्षिप्त विवरण-

दिनांक-29.10.2026 को ग्राम प्रधान/प्रशासक मनसैता जानकी नाथ यादव पुत्र स्व0 राम बहादुर यादव निवासी ग्राम मनसैत थाना थरवई कमिश्नरेट प्रयागराज उम्र करीब 29 वर्ष के गुमशुदा होने के सम्बन्ध में दिनांक-30.10.2026 को ग्राम प्रधान जानकी नाथ यादव के भाई छत्रपाल द्वारा थाना थरवई पर प्रार्थना पत्र दिया गया जिसके आधार पर थाना थरवई पर गुमशुदगी संख्या-17/2026 पंजीकृत किया गया । दिनांक-03.11.2026 को छत्रपाल उपरोक्त द्वारा पुनः प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया कि उन्हें आशंका है किसी अज्ञात द्वारा ग्राम प्रधान/प्रशासक जानकी नाथ यादव का अपहरण कर लिया गया है । उक्त प्रार्थना पत्र के आधार पर गुमशुदगी संख्या-17/2026 को मु0अ0सं0–281/2026 धारा 140(1) भा0न्या0सं0 में तरमीम किया गया

पुलिस की कार्यवाही-

श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय व अपर पुलिस आयुक्त के निर्देशन में व श्रीमान् पुलिस उपायुक्त गंगानगर व अपर पुलिस उपायुक्त गंगानगर के कुशल पर्यवेक्षण में एवं सहायक पुलिस आयुक्त थरवई के कुशल नेतृत्व में थाना थरवई पुलिस टीम द्वारा थाना थरवई पर

पंजीकृत मु0अ0सं0–281/2026 धारा-140(1) भा0न्या0सं0 से सम्बंधित गुमशुदा ग्राम प्रधान/ प्रशासक मनसैता जानकी नाथ यादव को आज दिनांक-05.11.2026 को मथुरा से सकुशल बरामद किया गया तथा नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

उल्लेखनीय है कि गुमशुदा ग्राम प्रधान/प्रशासक मनसैता जानकी नाथ यादव की सकुशल बरादगी हेतु 03 टीमें सर्विलांस की सीडीआर से प्राप्त जानकारियों को विश्लेषण करने के लिए, 05 पुलिस टीम सी0सी0टी0वी0 फुटेज चेक करने के लिए, 03 टीमें गुमशुदा उपरोक्त के रिश्तेदारी में जाकर पता करने के लिए व थाना स्थानीय की 02 पुलिस टीमों का गठन संभावित स्थानों पर दबिश देने के लिए किया गया था। उक्त टीमों द्वारा लगातार सीडीआर, बीटीएस का अवलोकन तथा डॉग स्क्वाड, एसडीआरएफ को बुलवाकर तलाश पतारसी की जा रही थी, जिसमें उक्त संयुक्त पुलिस टीमों द्वारा गुमशुदा ग्राम प्रधान/ प्रशासक मनसैता जानकी नाथ यादव को आज दिनांक-05.11.2026 को मथुरा से सकुशल बरामद किया गया।

पूछताछ का विवरण-

पूछताछ करने पर गुमशुदा जानकी नाथ यादव ने बताया कि वे पारिवारिक समस्याओं के कारण परिजनों से नाराज होकर घर से पैदल कछार के रास्ते फाफामऊ पहुंचकर अपने लिए कपडे खरीदे और कपडे पहनकर फाफामऊ से सुबह 6:00 बजे गंगा गोमती एक्सप्रेस से लखनऊ तथा लखनऊ प्लेटफॉर्म नं0. 04 से प्रातः 10:30 बजे जनरल टिकट लेकर आगरा पहुँचे, आगरा से झेलम एक्सप्रेस पकड़कर वे मथुरा गए, जहाँ वे प्रेमानंद महाराज जी के आश्रम में रुके थे। उनके साथ कोई निन्दनीय/अपराधिक घटना घटित नहीं हुई है एवं वे पूर्णतः सकुशल व स्वस्थ हैं। पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है।

सम्बंधित अभियोग का विवरण-

मु0अ0सं0-281/2026 धारा-140(1) भा0न्या0सं0 थाना थरवई कमिश्नरेट प्रयागराज।

सकुशल बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-

1. प्रभारी निरीक्षक पंकज सिंह, थाना थरवई कमिश्नरेट प्रयागराज।
2. उ0नि0 सुखचैन तिवारी प्रभारी सर्विलांस सेल गंगानगर प्रयागराज मय फोर्स।
3. उ0नि0 रितेश उपाध्याय, थाना थरवई कमिश्नरेट प्रयागराज।
4. उ0नि0 आशीष कुमार यादव, थाना थरवई कमिश्नरेट प्रयागराज।
5. का0 प्रवीण द्विवेदी, थाना थरवई कमिश्नरेट प्रयागराज।